नवभारत
भोपाल, सोमवार 17 अगस्त, 2026

सनातन हिउस पर 'राम' का हुआ राज

खास बातें

- सनातन श्री हिंदू उत्सव समिति के अध्यक्ष पद पर रामराज दांगी विजयी
- 224 मतों से दर्ज की शानदार जीत, समर्थकों में दिखा उत्साह

नवभारत न्यूज

विदिशा 16 अगस्त, सनातन श्री हिंदू उत्सव समिति का चुनाव शांति पूर्वक तरीके से हो गया. लेकिन चुनाव से पहले जिस तरह से इस चुनाव को प्रत्याशियों ने लड़ा वह बेहद रोमांचित करने वाला रहा. सीधे तौर पर राजनेतिक दलों का इसमें हस्ताक्षेप नहीं था. लेकिन अंदरुनी तौर पर कई नेताओं ने इसमें अपनी पुरी ताकत झोंक दी.

जहां चारों प्रत्याशियों ने चुनाव जीतने के लिये पूरी ताकत लगा दी तो जिसके जितने सोर्स थे, वह भी इस चुनाव में पूरी दम-खम के साथ लगे हुयें थे. आखरी मत तक वह मतदाताओं से संपर्क साधने में लगे रहे और आखिर में नतीजा सामने आया कि सनातन श्री हिंदू उत्सव समिति के अध्यक्ष का ताज रामराज सिर पर सजा. वहीं इस चुनाव में पूरी ताकत लगा चुकें सरदार सिंह रघुवंशी दूसरे नंबर पर रहे और उन्हें हार का मुंह देखना पड़ा. जबकि चुनाव की सरगर्मी और उत्सुकता को देखकर लग रहा था कि मिथलेश दांगी इस चुनाव में अपनी मजबूत पकड़ दिखायेंगी लेकिन नतीजा इसके उलट रहा. वह सिर्फ 184 वोट ही हांसिल कर चुंकी जबकि भूपेन्द्र रघुवंशी को महज 56 वोट ही मिले है. रविवार की सुबह अग्रवाल धर्मशाला में मतदान की प्रक्रिया शुरू हुई. जिसमें मतदाताओं ने भी रिमझिम बारिश के बीच जोश के साथ मतदान में हिस्सा लिया और कतार में लगकर मतदान किया. चुनाव में रामराज दांगी ने 224 मतों के अंतर से शानदार जीत दर्ज की. शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं लोकतांत्रिक वातावरण में संपन्न हुए चुनाव के बाद हुई मतगणना में रामराज दांगी को सर्वाधिक 1193 मत प्राप्त हुए. उनके निकटतम प्रतिद्वंद्वी सरदार रघुवंशी को 969 मत मिले.

मतगणना में मिथिलेश दांगी को 184 तथा भूपेंद्र रघुवंशी को 56 मत प्राप्त हुए, जबकि 14 मत निरस्त किए गए. परिणाम सामने आते ही रामराज दांगी के समर्थकों में उत्साह का माहौल देखने को मिला. मुख्य निर्वाचन अधिकारी एडवोकेट संतोष शर्मा ने मतगणना के अंतिम परिणाम की घोषणा करते हुए रामराज दांगी को विजयी घोषित किया तथा उन्हें अध्यक्ष पद का विजय प्रमाण-पत्र प्रदान किया. चुनाव प्रक्रिया के दौरान सभी प्रत्याशियों और उनके समर्थकों ने लोकतांत्रिक मर्यादाओं का पालन किया.चुनाव को शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित तरीके से संपन्न कराने में प्रशासन, निर्वाचन अधिकारी, समिति के पदाधिकारियों, प्रत्याशियों, कार्यकर्ताओं और मतदाताओं का महत्वपूर्ण सहयोग रहा. मतगणना स्थल पर परिणाम जानने के लिए समिति से जुड़े लोग मौजूद रहे.

अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी संभालने के बाद रामराज दांगी के सामने समिति की धार्मिक एवं सामाजिक गतिविधियों को और अधिक प्रभावी बनाने की चुनौती होगी. साथ ही सभी वर्गों को साथ लेकर संगठन में एकता और समन्वय कायम रखना उनकी प्राथमिक जिम्मेदारियों में शामिल रहेगा. चुनाव परिणाम के बाद समिति से जुड़े लोगों ने उम्मीद जताई कि नई कार्यकारिणी आपसी भाईचारे और समन्वय के साथ सनातन धर्म एवं समाजहित से जुड़े कार्यों को नई गति देगी. अब नये अध्यक्ष रामराज सिंह दांगी की यह जिम्मेदारी बनती है कि जिन मुद्दों के बलबूतों पर वह चुनाव जीते हैं उनको पूरा करना है सबसे बड़ा मामला जानकी कुंड और विजय मंदिर के ताले खुलवाने का है.

जोड़-तोड़ का समीकरण भी गड़बड़ा गया

यह पुख्ता था कि इस साल सनातन श्री हिंदू उत्सव समिति के चुनाव होना है इससे पहले समिति ने नये सदस्यों के लिये दरवाजे खोले और बड़ी सख्या में जहां तक है ढाई सौ से ज्यादा नये सदस्य बनाये गये. इन नये बने हुयें सदस्यों में ही इस पूरे चुनाव का समीकरण ही बदल के रख दिया और जीत हार का अंतर भी लगभग इतना ही रहा. माना जा रहा है कि जो नये सदस्य बने थे उनके ही वोटो से जीत-हार का फैसला हुआ है. सूत्र बताते है कि समिति भी इस बार चुनाव में बेहद सक्रिय थी और समिति की कार्यप्रणाली पर भी सवाल दागते हुये समिति को भी नये वोटरों ने अपनी ताकत का एहसास करा दिया है.

मठाधीशों से कब मिलेगी आजादी

हिंदुओं के सभी पर्वों को मनाने के लिये एकजुटता में पिरोने के लिये श्री सनातन हिंदू उत्सव समिति का गठन किया गया था. जिन लोगों ने इसका गठन किया वह अभी तक इसके मठाधीश बने हुये हैं और युवाओं को इसमे आगे बढ़ने का मौका नहीं मिल पा रहा है. समिति के चंद कर्ता धर्ता ही बने हुयें है उनके हिसाब से ही सदस्यता खोली जाती है और वह ही नये सदस्य बनाते है. इस चुनाव के बाद यह बात धीरे-धीरे सामने आने लगी है कि समिति के संस्थापक सदस्यों में भी बदलाव की जरूरत है और नये लोगों को इसमें मौका मिलना चाहिये.

सरदार रघुवंशी-969 मत मिले

मिथिलेश दांगी-184 मत मिले

भूपेंद्र रघुवंशी-56 मत मिले

अवैध शराब पर कसा शिकंजा, 58 पाव मदिरा जब्त

नवभारत न्यूज

सिरोंज, मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के तहत प्राप्त शिकायतों के आधार पर आबकारी विभाग ने सिरोंज क्षेत्र में अवैध मदिरा के खिलाफ कार्यवाही करते हुए पांच प्रकरण दर्ज कर कुल 58 पाव मदिरा जब्त की. शुक्रवार को विभिन्न ग्राम पंचायतों में शिकायतों के आधार पर की गई कार्रवाई में आबकारी टीम ने अलग-अलग स्थानों से अवैध मदिरा बरामद की. आबकारी उपनिरीक्षक, वृत्त सिरोंज द्वारा जिला आबकारी अधिकारी को भेजे गए पालन प्रतिवेदन के अनुसार ग्राम सरेखो में लेखराज के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए 10 पाव मदिरा, आमखेड़ा में भूरा से 15 पाव मदिरा, मुंडरा घाट में कोमल के पास से 12 पाव मदिरा तथा झण्डवा में सोनू से 10 पाव मदिरा बरामद की गई.

बकरी की मौत पर हिंदू रीति-रिवाज से किया अंतिम संस्कार

नवभारत न्यूज

सिरोंज, सिरोंज के भवानी नगर मोहल्ले में एक पालतू बकरी के प्रति मालिक का अनोखा लगाव इन दिनों सोशल मीडिया पर चर्चा का विषय है. किसान नवल सिंह मालवीय ने अपनी पालतू बकरी कटोरी उर्फ चमेली की मौत के बाद हिंदू रीति-रिवाज से उसका अंतिम संस्कार किया. इतना ही नहीं, उन्होंने उसकी अस्थियां गंगा में विसर्जित करने के बाद तेरहवीं का भोज भी आयोजित किया, जिसमें कई लोग शामिल हुए.

नवल सिंह के अनुसार, कटोरी को उन्होंने कई वर्षों तक बेटी की तरह पाल-पोसकर बड़ा किया था. वह परिवार के सदस्य की तरह उनके साथ रहती थी. गत दिवस जब उसकी मृत्यु हुई तो नवल सिंह को ऐसा लगा जैसे उनके परिवार का कोई सदस्य उनसे बिछड़ गया हो. उन्होंने हिंदू रीति-रिवाज के अनुसार कटोरी का दाह संस्कार किया. इसके बाद उसकी अस्थियां लेकर इलाहाबाद पहुंचे और गंगा नदी में विधि-विधान से

अस्थि विसर्जन किया. नवल सिंह ने तेरहवीं की रस्म भी निभाई. इसके लिए गंगाजली खोलने की रस्म के बाद कई लोगों के लिए तेरहवीं भोज का आयोजन किया गया. नवल सिंह के इस भावनात्मक लगाव और अपनी पालतू बकरी के प्रति किए गए सम्मान की परिचितों और रिश्तेदारों ने सराहना की. यह मामला क्षेत्र में चर्चा का विषय बना रहा.

शिवलिंग एवं रुद्री निर्माण के चौथे दिवस 48 हजार का हुआ निर्माण

सावन की फुहार के बीच भी श्रद्धालुओं का उत्साह बरकरार

नवभारत न्यूज

पठारी. नगर में भारत भ्रमण तीर्थ यात्री समिति द्वारा आयोजित शिवलिंग एवं रुद्री निर्माण महाअभियान के चौथे दिवस रविवार को 48 हजार रुद्रिका एवं शिवलिंग का निर्माण किया गया. समिति के जसवंत सिंह यादव ने बताया कि श्रद्धालुओं द्वारा चौथे दिवस तक कुल 1 लाख 14 हजार शिवलिंग एवं रुद्री का निर्माण किया जा चुका है.

इस दौरान श्रद्धालुओं के बीच अद्भुत भक्तिमय वातावरण देखने को मिला. सावन की फुहार के बीच भी श्रद्धालुओं का उत्साह कम नहीं हुआ और बड़ी संख्या में श्रद्धालु शिवलिंग निर्माण में शामिल हुए. बारिश के बावजूद श्रद्धालुओं की आस्था देखते ही बनी.सावन की फुहार भी लोगों को शिवलिंग निर्माण एवं महा रुद्राभिषेक में शामिल होने से नहीं रोक सकी.

शिकायतों का समाधान, जनता का बढ़ा विश्वास

216 दिन पुरानी शिकायत, मौके पर कार्यवाही

नवभारत न्यूज

सिरोंज, मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के तहत प्रशासन द्वारा ग्रामीणों की लंबित समस्याओं का मौके पर पहुंचकर निराकरण किया जा रहा है. इसी क्रम में ग्राम पंचायत सरेखो के ग्राम आमखेड़ा में 216 दिन पुरानी शिकायत का मौके पर ही समाधान किया गया.

शिकायतकर्ता अनिल यादव ने शासकीय मार्गों पर किए गए अतिक्रमण के कारण आवागमन बाधित होने की समस्या दर्ज कराई थी. अनुविभागीय अधिकारी राजस्व कुरवाई मनीष कुमार जैन ने जन विश्वास अभियान के दौरान ग्राम चौपाल लगाकर ग्रामीणों से संवाद किया. अधिकारियों ने ग्राम का भ्रमण कर मौके पर शासकीय मार्गों पर किए गए अतिक्रमण को चिन्हित किया. संबंधित लोगों को समझाइश देकर आपसी सहमति से अतिक्रमण हटवाया गया, जिससे ग्रामीणों का आवागमन सुगम हुआ. ग्राम सभा के दौरान पटवारी द्वारा बी-1 का वाचन कराया गया. इसमें 12 ऐसे प्रकरण सामने आए, जिनमें भूमि स्वामियों की मृत्यु के बाद राजस्व अभिलेखों में आवश्यक कार्रवाई लंबित थी. प्रशासन ने मौके पर कार्यवाही कर नामांतरण की प्रक्रिया शुरू कराई.

ग्राम सरेखो निवासी रामबाबू अहिरवार ने पात्रता पर्ची जारी करने की मांग रखी. अधिकारियों ने तत्काल ग्राम सचिव एवं खाद्य विभाग के अधिकारियों से समन्वय कर मौके पर ही पात्रता पर्ची जारी कराई. इसी दौरान भूरी बाई कुर्मी ने सार्वजनिक हैंडपंप पर निजी व्यक्ति द्वारा कब्जा किए जाने की शिकायत की. प्रशासनिक अमले ने मौके पर पहुंचकर जांच की और हैंडपंप के आसपास की गई निजी फेंसिंग हटवाकर उसे आमजन के उपयोग के लिए मुक्त कराया. शुक्रवार को आयोजित कार्यक्रम में ग्रामीणों ने करीब एक वर्ष से बंद हैंडपंप की समस्या भी अधिकारियों के सामने रखी थी. जिसपर शनिवार को हैंडपंप का सुधार कार्य कराया गया. अभियान के दौरान ग्रामीणों से प्राप्त शिकायतों और सूचनाओं के आधार पर ग्राम पंचायत सरेखो में अवैध शराब बिक्री के विरुद्ध भी कार्रवाई की गई.

कुरवाई में लगेगी वीरांगना रानी अवंतीबाई लोधी की प्रतिमा

नवभारत न्यूज

कुरवाई. नगर की बीना रोड स्थित कान्हा वाटिका में वीरांगना रानी अवंतीबाई लोधी की प्रतिमा स्थापित की जाएगी. इसके लिए आयोजित भूमि पूजन कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, समाज के वरिष्ठजनों एवं नागरिकों ने सहभागिता की. कार्यक्रम में विधायक हरिसिंह सप्रे, भाजपा जिलाध्यक्ष महाराज सिंह दांगी, किसान मोर्चा प्रदेश महामंत्री कप्तान सिंह यादव, जिला उपाध्यक्ष संदीप सिंह डोंगर, लोधी समाज के वरिष्ठ नेता राधेश्याम लोधी, विदिशा लोधी सभा जिलाध्यक्ष प्रकाश लोधी, जनभागीदारी अध्यक्ष सीताराम सैनी, लोधी समाज अध्यक्ष विनय सिंह लोधी, रघुवीर सिंह लोधी एवं सरपंच मेहरवान लोधी सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहें.

लाखों की शराब जब्त, शराब की पेटी के खाली कार्टून भी मिले

नवभारत न्यूज

विदिशा, शहर में कितने बड़े पैमाने पर अवैध शराब का कारोबार चल रहा है इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि मुखबिर की सूचना पर कार्यवाही करने के लिये पहुंची कोतवाली पुलिस ने जिस मकान में दबिश दी उस मकान के भीतर करीब 500 से ज्यादा शराब की पेटी के खाली कार्टून मिले हैं. इतना ही नहीं कार्यवाही के दौरान मकान के भीतर दो बड़े डी-फ्रिजर भी मिले हैं जिनमें बियर को ठंडा किया जा रहा था.सूत्रों ने बताया कि एक चार पहिया वाहन से इस मकान में शराब की पेटियां उतर रहीं थीं.जिसकी भनक पुलिस को लगी तो शराब माफियार चार पहिया वाहन लेकर भाग निकले और शराब की पेटियां सड़कों पर बिखरती चली गयीं.बताया जाता है कि इस अवैध शराब की तस्करी के मामले में दो नाम सामने आ रहे हैं जिनकी सरगर्मी से तलाश की जा रही है.

रविवार की शाम कोतवाली थाना अंतर्गत आने वाली अनुपम मेगासिटी के एक मकान से भारी मात्रा में अवैध शराब बरामद की गयी है. एसपी के निर्देश के बाद कार्यवाही करने के लिये पहुंची कोतवाली पुलिस ने एक मकान के कमरों में रखी अवैध शराब जब्त की है.पुलिस की कार्यवाही देर रात तक चलती रही यह शराब किसकी है और किसने ने शराब को यहां पर रखा है पुलिस इसकी जानकारी जुटा रही है.

कुरवाई में अनेक जगह शान से लहराया राष्ट्रीय ध्वज

नवभारत न्यूज

कुरवाई, स्वतंत्रता दिवस पर कुरवाई नगर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा शान से लहराया गया. न्यायालय परिसर में जिला न्यायाधीश आनंद गौतम ने ध्वजारोहण किया और गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया. संदीपनी विद्यालय में विधायक हरिसिंह सप्रे एवं जनपद पंचायत अध्यक्ष ममता दांगी ने संयुक्त रूप से ध्वजारोहण किया. एनसीसी कैडेट्स ने परेड कर सलामी दी तथा उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए. नगर की विभिन्न संस्थाओं, कृषि उपज मंडी, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र एवं शासकीय महाविद्यालय सहित अन्य स्थानों पर भी ध्वजारोहण हुआ. नगर परिषद में उपाध्यक्ष मोहम्मद इरफान काजी ने तिरंगा फहराया.

श्रावण सोमवार विशेष | **प्राचीन, ऐतिहासिक है सिरोंज का नीलकंठ मंदिर, प्राचीन केसर कुंड को जीर्णोद्धार की दरकार**

पहाड़ी पर विराजित भगवान नीलकंठ, करीब 76 सीढ़ियां चढ़कर आते हैं भक्त

नवभारत न्यूज

सिरोंज, ऐतिहासिक नगरी सिरोंज में कई ऐसे धार्मिक स्थल हैं, जिनसे लोगों की आस्था और क्षेत्र का इतिहास जुड़ा हुआ है, इन्हीं में से एक है प्राचीन नीलकंठ मंदिर. मुख्य सड़क से ऊंचाई पर पहाड़ी क्षेत्र में स्थित इस मंदिर के शिवालय में भगवान महादेव का शिवलिंग विराजित है. भक्त करीब 76 सीढ़ियां चढ़कर शिवालय तक पहुंचते हैं और भगवान भोलेनाथ की पूजा-अर्चना एवं अभिषेक करते हैं.

श्रावण मास, श्रावण सोमवार, महाशिवरात्रि सहित विभिन्न पर्वों पर नीलकंठ मंदिर में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ती है. विशेष अवसरों पर मंदिर में धार्मिक कार्यक्रम भी आयोजित किए जाते हैं. नीलकंठ मंदिर की प्राचीनता कितनी पुरानी है, इसका सटीक निर्धारण करना मुश्किल है. क्षेत्र के लोग यह मंदिर देवी अहिल्याबाई होलकर के काल से जोड़कर बताते है. हालांकि इसके पुख्ता ऐतिहासिक प्रमाण उपलब्ध नहीं हैं. मंदिर परिसर में एक प्राचीन कुआं भी है. इसके अलावा सीढ़ियों के एक ओर प्राचीन दालान बनी हुई है, जिसके बारे में माना जाता है कि पुराने समय में इसका उपयोग साधु-संतों द्वारा किया जाता रहा होगा. पिछले वर्षों में मंदिर परिसर में सामुदायिक भवन, बाउंड्रीवाल और सीढ़ियों के जीर्णोद्धार सहित कुछ विकास कार्य भी कराए गए हैं. हालांकि मंदिर के संरक्षण और विकास के लिए अभी और कार्य किए जाने की आवश्यकता है.

सीढ़ियों का आकार अलग-अलग है

मुख्य मार्ग से पहाड़ी पर स्थित शिवालय तक पहुंचने के लिए करीब 76 सीढ़ियां बनी हुई हैं. सीढ़ियों का आकार अलग-अलग है. पूर्व में ये सीढ़ियां पत्थर एवं चिनखारी से बनी थीं, जिनका पिछले वर्षों में जीर्णोद्धार कराया गया है. हालांकि वर्तमान में कुछ सीढ़ियां क्षतिग्रस्त भी हो गई है. श्री शिवालय से पहाड़ी की ओर करीब 21 सीढ़ियां बनी है. पहाड़ी की ओर से भी मंदिर तक पहुंचने के लिए मार्ग बना है. शिवालय के बाहर बने दालान में नंदी जी विराजित हैं. नीलकंठ मंदिर परिसर में भगवान वीर हनुमान, भगवान महादेव और जगतजननी माता के मंदिर भी हैं.

हरियाली और प्राकृतिक सौंदर्य आकर्षण का केंद्र

नीलकंठ मंदिर का पहाड़ी क्षेत्र प्राकृतिक सुंदरता से भी भरपूर है. मंदिर परिसर में विभिन्न किस्म के फलदार और फूलदार पेड़-पौधे लगे हैं. सीताफल, अमरूद, बैर, आम, नीम, पीपल, इमली सहित अनेक पेड़ परिसर की हरियाली और सुंदरता बढ़ाते हैं. धार्मिक आस्था के साथ प्राकृतिक वातावरण भी श्रद्धालुओं को आकर्षित करता है.

बदहाल है प्राचीन केसर कुंड

नीलकंठ मंदिर परिसर की प्राचीन धरोहरों में केसर कुंड भी शामिल है. पंचकुईयां निवासी बाबूलाल बताते है कि पुराने समय में पहाड़ से पानी झिरकर इस कुंड में आता था और लोग इसका उपयोग करते थे. वर्तमान में इस प्राचीन कुंड की स्थिति चिंताजनक है. कुंड के आसपास बड़ी-बड़ी झाड़ियां उग आई हैं, जिसके कारण यह आसानी से दिखाई भी नहीं देता. कुंड का काफी हिस्सा क्षतिग्रस्त हो चुका है. लोगों का कहना है कि इस कुंड का संरक्षण और जीर्णोद्धार कराया जाना चाहिए.

हर-हर महादेव के जयकारों के साथ निकली कांवड़ यात्रा

नवभारत न्यूज

पठारी. सावन की पवित्र बेला में धर्म और आस्था का अद्भुत संगम उस समय देखने को मिला, जब सागर जिले के खिमलासा से करीब 50 श्रद्धालु कांवड़ लेकर उदयपुर के लिए पैदल यात्रा पर निकले. डीजे की धुन पर नाचते-गाते और हर-हर महादेव के जयकारे लगाते हुए महिला, पुरुष एवं बच्चे कांवड़ यात्रा में शामिल हुए.श्रद्धालु पठारी से होते हुए उदयपुर के लिए रवाना हुए. यात्रा के दौरान पूरे मार्ग में भक्तिमय वातावरण बना रहा और हर-हर महादेव के जयकारों से वातावरण गूंजता रहा.श्रद्धालुओं ने बताया कि खिमलासा से उदयपुर के लिए वे पहली बार कांवड़ लेकर जा रहे हैं. करीब 65 किलोमीटर की दूरी वे दो दिन में पैदल तय कर उदयपुर पहुंचेंगे. यहां पहुंचकर श्रद्धालु भगवान भोलेनाथ को जल अर्पित कर विशेष पूजा-अर्चना करेंगे.कांवड़ यात्रा में श्रद्धालुओं का उत्साह देखते ही बना. सावन के पावन माह में निकली इस यात्रा ने क्षेत्र में धार्मिक और भक्तिमय माहौल बना दिया.

32 पंचायतों के 106 गांवों को मिलेगी डाक सेवाओं की सुविधा

नवभारत न्यूज

सिरोंज, पथरिया उपतहसील मुख्यालय पर नवीन उपडाकघर का शुभारंभ सांसद डॉ. लता वानखेड़े ने किया. उपडाकघर शुरू होने से क्षेत्र की 32 ग्राम पंचायतों और करीब 106 गांवों के नागरिकों को स्थानीय स्तर पर डाक एवं बैंकिंग सहित विभिन्न सेवाओं का लाभ मिल सकेगा. इस मौके पर सांसद डॉ. लता वानखेड़े ने कहा कि पथरिया क्षेत्र की लंबे समय से चली आ रही मांग को केंद्रीय मंत्री ने स्वीकार किया, जिससे क्षेत्रवासियों को यह महत्वपूर्ण सौगात मिल सकी. उन्होंने कहा कि आज डाकघर केवल डाक भेजने और प्राप्त करने तक सीमित नहीं है. ग्रामीण क्षेत्रों में बैंकिंग और जनकल्याणकारी योजनाओं की पहुंच बढ़ाने में डाक विभाग की महत्वपूर्ण भूमिका है. सांसद ने कहा कि पथरिया उपडाकघर केवल पथरिया तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि आसपास के 32 ग्राम पंचायतों एवं लगभग 106 गांवों के नागरिकों के लिए उपयोगी साबित होगा. इससे ग्रामीणों को डाक विभाग की विभिन्न सेवाएं स्थानीय स्तर पर उपलब्ध होंगी. कार्यक्रम को कुरवाई विधायक हरि सिंह सप्रे तथा डाक विभाग के निदेशक डाक सेवाएं, भोपाल आर.एस. रघुवंशी ने भी संबोधित किया. समारोह के दौरान सुकन्या समृद्धि योजना के तहत खोले गए खातों की पासबुक का वितरण भी किया गया. कार्यक्रम का संचालन उपडाकपाल राजेंद्र खोड़के ने तथा आभार उप संभागीय निरीक्षक डाक, सिरोंज अंकित जैन ने जताया. समारोह में सरपंच, डाक विभाग के अधिकारी-कर्मचारी, जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे.